पृष्ठ एक के शेष...

विधायक...

गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने बताया कि रघुराज प्रताप सिंह को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां और धमकी भरे संदेश विभिन्न खातों से पोस्ट किये गये थे। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के भदोही अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार शाम को इस संबंध में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस को कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी सौंपी गईं। शिकायत के अनुसार, ये धमकियां 23 अक्तूबर से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही थीं। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को इन कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी उपलब्ध करायी गयी हैं। गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने शिकायत की पुष्टि की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल काररवाई शुरू कर दी है। धमकी भरे संदेश और आपत्तिजनक टिप्पणियां तीन अलग-अलग सोशल मीडिया खातों से पोस्ट की गयी थीं। ये खाते इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सक्रिय थे। पुलिस के अनुसार, ये संदेश पिछले एक सप्ताह से प्रसारित हो रहे थे। शिकायत में विशेष रूप से 23 अक्तूबर से धमकियों के प्रसार का उल्लेख है। इन संदेशों में सीधे तौर पर रघुराज प्रताप सिंह को निशाना बनाया गया था। पुलिस अब इन खातों की पहचान करने और उनके पीछे के व्यक्तियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

यूपी : चरित्र...

ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि केवल सत्यापन रिपोर्ट लंबित होने के कारण नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया नहीं रोकी जाएगी। नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थी से निर्धारित सत्यापन प्रपत्र और स्वघोषणा पत्र प्राप्त कर नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। नई नीति में अभ्यर्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। सामान्य परिस्थितियों में चरित्र सत्यापन के लिए पुलिस या स्थानीय अभिसूचना इकाई अभ्यर्थी के घर जाकर पूछताछ नहीं करेगी। उसे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए भी नहीं बुलाया जाएगा। सत्यापन के लिए पुलिस महानिदेशक अभिसूचना और जिलाधिकारियों को संदर्भ प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी। निर्धारित अवधि में रिपोर्ट नहीं मिलने पर नियुक्ति प्राधिकारी मामला गृह विभाग को भेजेंगे। गृह विभाग रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा। सरकार ने आपराधिक मामलों से संबंधित नियम भी स्पष्ट कर दिए हैं। केवल एफआईआर दर्ज होने, विवेचना लंबित होने या आरोपपत्र दाखिल होने से अभ्यर्थी स्वतः अयोग्य नहीं होगा। किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस या स्थानीय अभिसूचना इकाई की रिपोर्ट प्रतिकूल आने पर भी उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। जिलाधिकारी अपनी रिपोर्ट नियुक्ति प्राधिकारी को भेजने से पहले संबंधित अभ्यर्थी की सुनवाई करेंगे। यह सुनवाई ऑनलाइन भी हो सकेगी।

ज्ञानेश कुमार...

लोग शामिल होंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने संविधान के प्रावधानों और भावना का उल्लंघन कर चुनावी लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर की है। विपक्ष का आरोप है कि कार्यक्रम को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन गठबंधन इसे आयोजित करने पर अडिग है।

यूपीके...

करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। शुक्रवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4482.19 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून 2026 में पश्चिम बंगाल से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी में 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी।

यूपीमें आपरेशन...

गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी अंकुश लगाना और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण की पहल पर यातायात निदेशालय के माध्यम से चलाए जा रहे इस अभियान में अपर पुलिस महानिदेशक यातायात ए. सतीश गणेश के निर्देशन में कार्रवाई की गई। प्रदेश के प्रमुख एक्सप्रेसवे और चिन्हित स्थानों पर इंटरसेप्टर वाहनों के जरिए तेज गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी की गई। निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।'ऑपरेशन सेफ स्पीड' का पहला चरण 26 अक्टूबर और दूसरा चरण 28 अक्टूबर 2026 को चलाया गया। दोनों चरणों में प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर एक साथ विशेष जांच की गई। इस दौरान यमुना एक्सप्रेसवे पर सबसे अधिक 3,116 चालान किए गए और 66 लाख 98 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर 1,289 चालान कर 24 लाख 18 हजार रुपये, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 537 चालान कर 11 लाख 82 हजार 500 रुपये और गंगा एक्सप्रेसवे पर 553 चालान कर 9 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

यूपीमें हुई परिवर्तन...

डबल हार हुई है। दोबारा मतगणना के बाद भी भाजपा डबल हारी है। उसकी डबल हारने की आदत है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की हार तय है। यह बातें उन्होने गुरुवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त कीं। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त हो चुकी हैं। भाजपा सरकार के भेदभाव, अन्याय, अत्याचार और बेईमानी से उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति और हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने किसानों नौजवानो, शिक्षकों, व्यापारियों, कर्मचारी सभी को ठगने का काम किया है। भाजपा ने हर तबके से झूठे वादे किए। सत्ता में आने के बाद सबको बारी-बारी से ठगा। जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होने कहा कि इस सरकार की महंगाई और भ्रष्टाचार ने सभी को बेहाल कर दिया है। जनता में भाजपा के प्रति आक्रोश और निराशा है। अब 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश की जनता इसी तरह से भाजपा का सफाया कर देगी। जनता ने भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा देख लिया है। भाजपा की चोरी और बेईमानी लगातार पकड़ी जा रही है। जनता समझ गई है भाजपा बेईमान, झूठी और धोखेबाज पार्टी है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। समाज को बांटने का काम करती है। इसने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। किसानोंए नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया है। प्रदेश की जनता को अब सिर्फ समाजवादी पार्टी से ही उम्मीद है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहकर मर्यादित आचरण करना है। धैर्य के साथ काम करें, जनता के बीच रहें, दुःखी और पीड़ित लोगों की मदद करें। जनता समाजवादी पार्टी का साथ दे रही है। समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता बहुत बहादुर और ऊर्जावान है। जनता की मदद से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव में इस अन्यायी और अत्याचारी सरकार का हमेशा-हमेशा के लिए सफाया कर देंगे।

पाकिस्तान...

जुड़े ग्रुप्स के जरिए बेच रहा था। पूछताछ में पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्किये, मिस्र और अन्य देशों के लोगों व समूहों से संपर्क भी सामने आया है। आरोपी के मोबाइल में अलग-अलग देशों के नंबरों से व्हाट्सऐप नंबर और बड़ी मात्रा में यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन से जुड़ी जानकारी भी मिली है। एटीएस के मुताबिक आरोपी ने बांग्लादेशी नागरिक अलामीन इस्लाम को फर्जी ई-मेल आईडी उपलब्ध कराई थी। इसके बदले उसे 6 हजार यूएसडीटी भुगतान किए गए। जांच एजेंसी अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है।जिस ई-मेल आईडी से नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम के स्कूलों को धमकी भरे संदेश भेजे गए, वह आरोपी के लैपटॉप और मोबाइल में मिली फर्जी आईडी में शामिल थी। इन ईमेल में खालिस्तान नेशनल आर्मी और बब्बर खालसा का नाम लेकर धमकियां दी गई थीं। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के दिल्ली-एनसीआर में प्रस्तावित कार्यक्रम और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता के घर को भी निशाना बनाने की धमकी भी शामिल है। 23 अक्टूबर को मुंबई में मेयर कार्यालय को बम विस्फोट की धमकी भेजने के मामले में इस्तेमाल हुई एक अन्य ई-मेल आईडी भी आरोपी के पास मिली। एटीएस के मुताबिक12 अक्टूबर को नोएडा के स्कूलों और अन्य स्थानों पर भेजे गए धमकी भरे ई-मेल से संबंधित आईडी भी जांच में सामने आई है।गिरफ्तारी के दौरान बरामद लैपटॉप की एक्सेल फाइलों में करीब 5 लाख ई-मेल आईडी मिली हैं। इन आईडी के साथ पासवर्ड, रिकवरी ई-मेल और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन से जुड़ी जानकारी भी दर्ज थीं।एटीएस की जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी ई-मेल आईडी उपलब्ध कराने के बदले बाइनेंस क्रिप्टो वॉलेट के जरिए भुगतान लेता था।

बांग्लादेशी नागरिक अलामीन इस्लाम के साथ व्हाट्सएप पर संपर्क और भुगतान से जुड़े साक्ष्य भी मिले हैं। इस संबंध में लखनऊ एटीएस थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस कस्टडी रिमांड मांगने की प्रक्रिया चल रही है,

मिठाई की दुकानोंपर छापा, १५ के लाइसेंस निलंबित

लखनऊ (आससे.)। दीपावली पर घरों में मिठाइयों की खरीदारी के बीच खाद्य पदार्थों की शुद्धता और सुरक्षित निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने पर जोर दिया है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश के 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के अंतर्गत चित्रकूट मंडल को छोड़कर प्रदेश के 17 मंडलों के 38 जनपदों में मिठाई एवं नमकीन विनिर्माण प्रतिष्ठानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए।विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अभियान के तहत 260 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 303 खाद्य नमूनों का संग्रह, 229 सुधार सूचनाएं जारी करने और 15 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस अथवा पंजीकरण के निलंबन की संस्तुति की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 7,660 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त या नष्ट किए गए।

कार्यालय अधिशासी अभियंता
नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना सं.-50/2026-27 के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य की निविदा

महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनः निर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबन्द पृथक-पृथक निविदाएं दिनॉक: 10.11.2026 को 12:00 बजे अपरान्ह तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक: 13.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मूल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनॉक: 31.10.2026 से 10.11.2026 को 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुचने पर कोई उत्तरदायित्व इस कार्यालय का नही होगा। निविदा के साथ पंजीकृत प्रमाण-पत्र, जिलाधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1),हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100.00 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढ़ाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र हस्ताक्षर किये हुऐ होना चाहिए एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर के नाम बन्धक होगी, तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें तीन माह तक बैध रहेगी। निविदा से सम्बन्धित सभी नियम, शर्ते एवं विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र पर उपलब्ध है। कृपया आवेदन से पूर्व विस्तृत नियम एवं शर्तो की जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित मात्रा	निविदा की धनराशि	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी0एस0टी +स्टेशनरी चार्ज	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	जनपद सिद्धार्थनगर में 02 अदद (औसतन गहराई 180 मी0) सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 1.50 क्यूसेक क्षमता के 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना के अन्तर्गत छिद्रण का कार्य (जी0एस0टी0 नियमानुसार देय)	02 अदद	7.37 लाख	14,732.00	90 दिवस	225+जी0एस0टी0 नियमानुसार+500	'ए' (यांत्रिक) अथवा उच्च

अधिशासी अभियंता
नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर

उ.प्र.-259647/दिनांक 28-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
बस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बस्ती

पत्रांक-6076/04 ई-निविदा-बस्ती वृत्त /2026 दिनांक 22-10-2026

निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बस्ती द्वारा उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु ""ए एवं बी" श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य की निविदा आनलाइन स्वीकृति की प्रत्याषा में आमंत्रित की जाती है। बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे आई0टी0बी0 के क्लाज-4 में निविदा स्वीकृत करने के सम्बन्ध में न्यूनतम योग्यता हेतु बिडर्स को दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ लें।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण कार्य की लागत (रू0 लाख में)	कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5		6	7	8
वित्तीय वर्ष 2026-27 में सी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत निर्माण कार्य								
1	सिद्धार्थनगर	लटेरा से हरिजनडीह सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	156.00	10.00	166.00	10.30	2714.00	06 माह
2	सिद्धार्थनगर	सेहरी से भावपुर पाण्डेय सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	114.70	2.70	117.40	7.87	2714.00	06 माह
3	सिद्धार्थनगर	सोहना कोहड़ौरा से गौरा बड़हरी दुर्गा मन्दिर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	183.70	3.10	186.80	11.34	2714.00	06 माह
4	सिद्धार्थनगर	ग्राम पंचायत भावपुर गुलरी के प्राईमरी स्कूल से रोइनिहवा पी0डब्लू0डी0 रोड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	153.00	10.74	163.74	10.19	2714.00	06 माह

2- प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-tender online Account-Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

3- प्रत्येक निविदा सिक्योरिटी धनराशि खाता UP e-tender online Account के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी। बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31.10.2026 (11:00 बजे पूर्वान्ह) से 06.11.2026 (12:00 बजे मध्यान्ह) तक उपलब्ध है एवं अपलोड किया जा सकता है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 06.11.2026 (12.30 बजे अपरान्ह) आनलाइन खोली जायेगी।

4- निविदा आमंत्रणकर्ता को संशोधन, शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो आनलाइन उपलब्ध रहेगा। समस्त इच्छुक निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे ई-टेण्डर पोर्टल को नियमित रुप से देखते रहे।

5- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। इस बेवसाइट के चाणक्य पोर्टल के प्रहरी साफ्टवेयर पर निविदा अपलोड की जायेगी। प्रहरी साफ्टवेयर की बेवसाइट www.uppwd.goiv.in/prahari है।

(आशीष भारद्वाज)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि.,
सिद्धार्थनगर

(कर्मवीर सिंह
अधीक्षण अभियंता
बस्ती वृत्त, लो.नि.वि.,
बस्ती

उ.प्र.-259652/दिनांक 28-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., सिद्धार्थनगर

पत्रांक-2243/1ए-2026 दिनांक 17-10-2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेष की ओर से अधिषासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेष, लोक निर्माण विभाग में रोड सेफ्टी कार्य हेतु "ए" "बी" "सी" "डी" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा अमंत्रित की जाती है-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	7	8	9
स्वीकृति की प्रत्याषा में						
1	सिद्धार्थनगर	उसका बृजमनगंज मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	9.77	0.98	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 725.00+ 131.00) = Rs 856.00	03 माह
2	सिद्धार्थनगर	पकडी उदयपुर मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	9.29	0.93	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 725.00+ 131.00) = Rs 856.00	03 माह
3	सिद्धार्थनगर	जगमोहिनी से सनई मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	4.90	0.49	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 650.00+ 117.00) = Rs 767.00	03 माह
4	सिद्धार्थनगर	फरेन्दा-कोल्हुई-बृजमनगंज-लोटन-मोहना मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	22.94	2.29	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 800.00+ 144.00) = Rs 944.00	03 माह
5	सिद्धार्थनगर	शोहरतगढ चेतिया सम्पर्क मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	21.35	2.13	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 800.00+ 144.00) = Rs 944.00	03 माह
6	सिद्धार्थनगर	सिरवत ससना शाहा जोगीबारी खेतवल मिश्र होते हुए टडिया तक मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	12.53	1.25	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 800.00+ 144.00) = Rs 944.00	03 माह
7	सिद्धार्थनगर	चिल्हिया परैया बर्डपुर सम्पर्क मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	4.93	0.49	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 650.00+ 117.00) = Rs 767.00	03 माह
8	सिद्धार्थनगर	शोहरतगढ खुनुवा से महला सम्पर्क मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	13.51	1.35	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 800.00+ 144.00)	03 माह
9	सिद्धार्थनगर	चिल्हिया से पल्टादेवी सम्पर्क मार्ग पर रोड सेफ्टी का कार्य।	16.77	1.68	(निविदा मूल्य + स्टेशनरी चार्जेज +जी0एस0टी0) (Rs 800.00+ 144.00) = Rs 944.00	03 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31.10.2026 के दोपहर 12.00 बजे से दिनांक-06.11.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी विड दिनांक-06.11.2026 को 12.30 बजे खोली जायेगी। दिनांक-06.11.2026 के 11.30 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी जायेगी।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
सिद्धार्थनगर

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
सिद्धार्थनगर

उ.प्र.-259683/दिनांक 28-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बांसी-सिद्धार्थनगर

पत्रांक-1685/4ए/2026 दिनांक 23-10-2026

निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधीषासी अभियन्ता ,निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बांसी सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु ""ए बी सी एवं डी श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से सुसंगत कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य की निविदा आनलाइन प्रतिषत दरों पर आमंत्रित की जाती है। विड्स को सलाह दी जाती है कि वे आई0टी0बी0 के क्लाज 4 में निविदा स्वीकृत करने के सम्बन्ध में न्यूनतम योग्यता हेतु विड्स को दिये गये निर्देषों को ध्यान से पड़ लें।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	7	8	9
विषेष मरम्मत का कार्य						
1	सिद्धार्थनगर	भोलापुर से भालुकोनी मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	12.50	12.25	856.00	03 माह
2	सिद्धार्थनगर	सेहरी खास के मजरे बंगलवा से खंगलवा के बीच अवषेष भाग सर्म्पक मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	15.50	1.55	944.00	03 माह
3	सिद्धार्थनगर	एस0एच0-26 से भानपुर रानी मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य	28.00	2.80	944.00	03 माह
4	सिद्धार्थनगर	एल0डी0 से कटसरया कलां सर्म्पक मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य	33.00	3.30	944.00	03 माह
5	सिद्धार्थनगर	डड़िया सर्म्पक मार्ग से असनार खास सम्पर्क मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	11.00	1.10	856.00	03 माह
6	सिद्धार्थनगर	बांसी नन्दौर खलीलाबाद से महुआ सम्पर्क मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	12.50	1.25	856.00	03 माह
7	सिद्धार्थनगर	बसडीला कब्रिस्तान सम्पर्क मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	28.00	2.80	944.00	03 माह
8	सिद्धार्थनगर	खेसरहा ब्लाक से खेसरहा गांव होते हुए बकैनिया सर्म्पक मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	15.50	1.55	944.00	03 माह
9	सिद्धार्थनगर	जिगनिहवा उड़वा घाट से मऊ जनकपुर धुरिया मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	12.00	1.20	856.00	03 माह
10	सिद्धार्थनगर	ऐंचनी षिव मन्दिर सर्म्पक मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	31.50	3.15	944.00	03 माह
11	सिद्धार्थनगर	सप्ती नानकार से चोरईताल के किमी0-3 से बनौली मिसिंग लिंक मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	23.50	2.35	944.00	03 माह
12	सिद्धार्थनगर	महुई से जमलाजोत सम्पर्क मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	856.00	03 माह
13	सिद्धार्थनगर	बेलोहा सेमरा मार्ग से सोनौरा सर्म्पक मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	22.00	2.20	944.00	03 माह
14	सिद्धार्थनगर	बांसी-धानी मार्ग से गोहर सम्पर्क मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	19.50	1.95	944.00	03 माह
15	सिद्धार्थनगर	बांसी नन्दौर से खलीलाबाद से डबरा मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	9.50	0.95	856.00	03 माह
16	सिद्धार्थनगर	विषुनपुर पचपेड़वा सेखुई मार्ग से घघुवा सर्म्पक मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	11.50	1.15	856.00	03 माह
17	सिद्धार्थनगर	बी0एन0के0 किमी0-5 से नेउसा सम्पर्क मार्ग के विषेष मरम्मत का कार्य।	6.50	0.65	856.00	03 माह

2- प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-tender online Account-Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

3- प्रत्येक निविदा सिक्योरिटी धनराशि खाता UP e-tender online Account के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी। बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31.10.2026 (12:00 बजे पूर्वान्ह) से 06.11.2026 (12:00 बजे मध्यान्ह) तक उपलब्ध है एवं अपलोड किया जा सकता है। निविदा की तकनीकी विड दिनांक 06.11.2026 को 12.30 (12:30 अपरान्ह) आनलाइन खोली जायेगी।

4- निविदा आमंत्रणकर्ता को संशोधन शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है। जो आनलाइन उपलब्ध रहेगा। समस्त इच्छुक निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे ई-टेण्डर पोर्टल को नियमित रूप से देखते रहें।

5- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, इस बेवसाइट के चाण्क्य पोर्टल के प्रहरी साफ्टवेयर पर निविदा अपलोड की जायेगी। प्रहरी साफ्टवेयर की वेबसाइट www.uppwd.gov.in/prahari है।

(इं. बी.के. राय)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बांसी
सिद्धार्थनगर

उ.प्र.-259677/दिनांक 28-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

विभागीय जलाशय श्रेणी-चार हेतु

पत्रांक-315/जलाशय निविदा-कानापार/2026-27 दिनांक 24-10-2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से मत्स्य विभाग, उ0प्र0 के प्रबन्धान्तर्गत जनपद महराजगंज के श्रेणी चार के विभागीय जलाशय कानापार श्रेणी चार के मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट हेतु जहां है, जैसे है की स्थिति में निविदा दस मत्स्य वर्षों हेतु शासनादेश संख्या-28/2023/756/सत्रह-म-17-1099/63 /2022 दिनांक 25.09.2023 एवं तत्सम्बन्धि शुद्धिपत्र संख्याः 13/1499/सत्रह-म-17-1099/63 /2022 दिनांक 19.10.2023 एवं शासनादेश संख्याः 4/2025/132/सत्रह-म-2025-17-1099/63/2022 दिनांक 29.01.2025 में निर्धारित शर्तो के अनुरूप शासनादेश द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष निम्नलिखित विवरण के अनुसार आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं	जलाशय का नाम	क्षेत्रफल (हे0में)	मत्स्य पालन/ मत्स्याखेट अवधि	प्रथम वर्ष 2026-27 हेतु आरक्षित मूल्य (रू0 में)	निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय	तकनीकि एवं वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय	बयाने की धनराशि निर्धारित आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत (रू0 में)	निविदा का स्थल	निविदा प्रपत्र शुल्क (रू0में)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	कानापार	60.05	10 वर्ष (5+3+2) (स्वीकृत तिथि से मत्स्य वर्ष की 30 जून तथा अगले वर्षो हेतु 01 जुलाई 2027 से 30.06.2037) तक	689300.00	दिनांक 18.11.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक	दिनांक 18.11.2026 को समय 2:00 बजे अपरान्ह सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तदोपरान्त वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जायेगी। उक्त तिथि में नीलाम न होने की दशा में दिनांक 25.11.2026 व 11.12.2026 को उक्तानुसार नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।	68930.00	कार्यालय- उप निदेशक मत्स्य, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर	रू0 100/-

मत्स्य वर्ष से तात्पर्य ग्रिगेरियन कैलेण्डर वर्ष की 01 जुलाई से अगले वर्ष के ग्रिगेरियन कैलेण्डर की 30 जून से है।

- निविदा/निविदादाता द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 का बैंक ड्राफ्ट उप निदेशक मत्स्य, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर के पदनाम से बनवाकर निर्धारित अवधि दिनांक 17.11.2026 से पूर्व प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किसी की कार्यदिवस में जनपदीय कार्यालय में जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
  1. सर्वप्रथम निविदा समिति के समक्ष तकनीकी बिड खोली जाएगी। तदोपरान्त तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेगी।
  2. निविदा का तकनीकी मूल्यांकन हेतु शासनादेश संख्या-28/2023/756/सत्रह-म-17-1099/63 /2022 दिनांक 25.09.2023 एवं तत्सम्बन्धि शुद्धिपत्र संख्याः 13/1499/सत्रह-म-17-1099/63/2022 दिनांक 19.10.2023 एवं शासनादेश संख्याः 4/2025/132/सत्रह-म-2025-17-1099/63/2022 दिनांक 29.01.2025 में निर्धारित बिन्दुओं पर किया जाएगा, जिसे तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- निविदा की विस्तृत शर्ते तथा अन्य जानकारियां विभागीय वेब साइट http:fisheries.up.gov.in पर या कार्यालय- सहायक निदेशक मत्स्य, महराजगंज के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(बृजेश कुमार)
उप निदेशक मत्स्य
गोरखपुर मण्डल,
गोरखपुर

उ.प्र.-259668/दिनांक 28-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता
नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना सं.-51/2026-27 के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य की निविदा

महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 13 असफल राजकीय नलकूपों के पुनः निर्माण की परियोजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबन्द पृथक-पृथक निविदाएं दिनॉक: 10.11.2026 को 12:00 बजे अपरान्ह तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो दिनॉक: 13.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मूल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनॉक: 31.10.2026 से 10.11.2026 को 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुचने पर कोई उत्तरदायित्व इस कार्यालय का नही होगा। निविदा के साथ पंजीकृत प्रमाण-पत्र, जिलाधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1),हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100.00 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढ़ाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र हस्ताक्षर किये हुऐ होना चाहिए एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,गोरखपुर के नाम बन्धक होगी, तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें तीन माह तक बैध रहेगी। निविदा से सम्बन्धित सभी नियम, शर्ते एवं विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र पर उपलब्ध है। कृपया आवेदन से पूर्व विस्तृत नियम एवं शर्तो की जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित मात्रा	निविदा की धनराशि	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी0एस0टी +स्टेशनरी चार्ज	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuwan to Munderwa store, District - Basti.Tubewell construction division Gorakhpur including cost of royalty, loading, unloding, and stacking at store. G.S.T. Extra 5%	90 घन मी0	7.91 लाख	15,818.00	90 दिवस	225+जी0एस0टी0 नियमानुसार+500.00	"ए" (यांत्रिक) अथवा उच्च

अधिशासी अभियंता
नलकूप निर्माण खण्ड, गोरखपुर

उ.प्र.-259679/दिनांक 28-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in